दिनांकः 27.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगी संबोधित–राज्यसभा का सत्र आज से होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झुंझुनूं से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के बैंक खातों में करेंगे सीधा हस्तान्तरण।
- प्रदेश में डायरिया पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से चलाया जाएगा स्टॉप डायरिया अभियान।
- मॉनसून के प्रवेश के बाद राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश–आज भी अधिकतर जगह बरसात के आसार।

............................

राज्यसभा का सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा जिस पर सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो चुका है। सत्र की शुरूआत नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने से हुई। कल लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें वरिष्ठ भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से अध्यक्ष घोषित किये गये। उधर, कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाया है।

............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज झुंझुनूं से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के बैंक खातों में सीधा हस्तान्तरण करेंगे। मुख्यमंत्री, 88 लाख 44 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 38 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि हस्तान्तरित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान लाभार्थी संवाद कार्यक्रम भी होगा।

............................

विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए व्यापक तैयारियां की गयी हैं। लाभार्थियों में इसे लेकर उत्साह बना हुआ है। गौरतलब है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि एक हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर एक हजार 150 रुपये की गयी है।

............................

राज्य सरकार अगले महीने से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के कुछ चयनित परिवारों को घर बैठे राशन उपलब्ध करवाएगी। सरकार ने अपने पहले बजट में इसकी घोषणा की थी, जिसकी पालना में ये शुरुआत की जा रही है। योजना के तहत उन परिवारों को घर बैठे राशन उपलब्ध करवाया जाएगा, जिनके परिवार में 18 वर्ष से कम और 60 साल से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन या विशेष योग्यजन हैं। खाद्य विभाग के उपायुक्त आशीष वर्मा ने बताया कि सभी संबंधित जिला रसद अधिकारियों को जुलाई से वितरित होने वाले राशन को चिह्नित परिवारों को वितरित करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। वर्तमान में तीनों श्रेणियां में नौ लाख से ज्यादा परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। सबसे ज्यादा 72 हजार 253 पात्र परिवार जयपुर जिले में है।

............................

प्रदेश में गेहूं और दाल की भंडारण सीमा तय की गई है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना की अनुपालना में ये सीमा तय की गयी है। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने सभी जिला रसद अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि तूअर, चना और काबुली चना की स्टॉक सीमा 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगी। इसी तरह गेहूं की स्टॉक सीमा अगले साल 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी।

.........................

तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एक जुलाई से प्रभावी होंगे। इन विधेयकों को पिछले वर्ष शीतकालीन सत्र में संसद ने पारित किया था। इन कानूनों का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सृजित करना है। नए आपराधिक कानूनों के मुख्य प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना, किसी भी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज करना और पीड़ितों को प्राथमिकी की मुफ्त प्रति उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किये जाने पर उसे अपनी पंसद के व्यक्ति को अपनी स्थिति की जानकारी देने का अधिकार होगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध होने वाली हिंसा की जांच को प्राथमिकता दी गई है। इस तरह के मामलों का निपटारा सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर करना होगा। समन अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किये जाएंगे। नए कानूनों में जांच, मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया है।

.........................

प्रदेश में डायरिया पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लानिंग और समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये हैं।
कल जयपुर में स्टॉप डायरिया अभियान–2024 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 5 साल तक के करीब 5 दशमलव 8 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण डायरिया है। श्रीमती सिंह कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि डायरिया से होने वाली मौतें आने वाले समय में शून्य हों। इसी उद्देश्य से ये अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डायरिया नियंत्रण में राजस्थान की स्थिति राष्ट्रीय औसत और अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन अभी भी प्रदेश में हर साल 3 हजार 900 से अधिक बच्चों की मृत्यु डायरिया से होना चिंताजनक है।

.........................

जैसलमेर में पर्यटन सीजन के दौरान प्रसिद्ध सोनार दुर्ग में सैलानियों की बढती संख्या को देखते हुए एक नया वैकल्पिक मार्ग निकालने का निर्णय लिया गया है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि नए वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव बनाकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को किसी अनहोनी से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। लंबे समय से दुर्गवासियों और सैलानियों की सुविधा के लिए सोनार दुर्ग में नए मार्ग की मांग लगातार हो रही है।

.........................

राज्य में मॉनसून के प्रवेश के बाद विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में कल शाम से रुक–रुक कर हल्की बारिश हो रही है। इससे तापमान काफी गिरावट आई है। लोगों को गर्मी के साथ ही उमस से भी राहत मिली है। जयपुर ग्रामीण जिले के बस्सी, चौमूं, चाकसू, जमवारामगढ़, फुलेरा, किशनगढ़ और बगरू सहित आस–पास के इलाकों में हुई अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।
क्षेत्र के किसान खेतों की जुताई में जुट गये हैं। बूंदी में रात को बिजली कड़कने के साथ ही तेज बारिश हुई।
इससे निचली बस्तियों में पानी भर गया। बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। भीलवाडा में कल मूसलाधार बारिश हुई। वहीं भरतपुर में लगातार तीन दिन से रुक–रुक कर बरसात हो रही है। कई जगह जल भराव की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम और नगर सुधार न्यास के कर्मचारी पम्प लगाकर पानी की निकासी कर रहे हैं। करौली में भी मध्यम बारिश हुई। वहीं चूरू में देर रात अच्छी बारिश के

समाचार हैं। बीकानेर में बूंदाबांदी हुई। वहीं कुछ इलाकों में तेज बरसात भी दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार आज भी प्रदेश के सभी संभागों में अधिकतर स्थानों पर बारिश की संभावना है।

............................